117 छात्र-छात्राओं ने ली उपाधियां

रुड़की, संवाददाता। पुहाना स्थित रुड़की इंस्टींट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में दीक्षांत समारोह धूमधाम से मनाया गया। छात्र-छात्राओं द्वार सरस्वती वन्दना, वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखण्ड तकनीकी विवि गीत गायन के साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

शनिवार को आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विवि के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह, संस्थान के चेयरमैन सीए सत्येन्द्र कुमार गुप्ता, संस्थान के वाइस चेयरमैन संजय अग्रवाल, मैनेजिंग ट्रस्टी नमन बंसल और यश अग्रवाल, संस्थान के महानिदेशक प्रो. एमजे निगम, निदेशक डॉ. पराग जैन ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। संस्थान के निदेशक डॉ. पराग जैन ने बताया कि संस्थान गत वर्ष 2023 में नैक ए-प्लस ग्रेड लेकर उत्तराखंड का पहला कॉलेज बना है।

मुख्य अतिथि प्रो. ओंकार सिंह ने कहा कि आज की प्रतिस्पर्धा के युग में हमें निरंतर अपने ज्ञान में वृद्धि करनी होगी। संस्थान के चेयरमैन सीए सत्येन्द्र कुमार गुप्ता ने सभी को समय का सदुपयोग करने की बात कही। इस दौरान एमबीए, एमसीए, एमटेक और बीटेक के कुल 117 छात्र-छात्राओं को उपाधि प्रदान की गई।